प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-09.05.2026

थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर सड़क किनारे फेंकने की घटना में वांछित चल रहे रुपये 25,000/- के इनामिया अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस, एक अदद खोखा कारतूस व मोटर साइकिल किया गया बरामद-

थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दिनांक-03.05.2026 को ग्राम कल्याणपुर समय माता मंदिर के पूर्व सड़क के किनारे एक व्यक्ति के शव मिलने पर थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु०अ०सं०-115/2026 धारा-103(1) BNS की घटना का सफल अनावरण करते हुए सम्बंधित 02 अभियुक्तों को दिनांक-05.05.2026 को फरेंदा सेंगर बगीचे के पास से गिरफ्तार किया गया था, जिसमें **वांछित चल रहे रुपये 25,000/- के इनामिया तीसरे शातिर अभियुक्त 1-** शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष (जिसके बायें पैर में गोली लगी है) को दिनांक-09.05.2026 को गढ़हा गौतम के पास हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर **उसके कब्जे से 1-** एक अवैध तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस, एक अदद खोखा कारतूस **2-** एक अदद प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद किया गया |

पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त 1- शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा के बायें पैर में गोली लगी है, जिसे दवा-इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले जाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है |

गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मु०अ०सं०-115/2026 धारा-103(1) BNS में धारा 3(5)/238 BNS व 4/25 Arms Act की वृद्धि किया गया था एवं मु०अ०सं०-118/2026 धारा-109(1) BNS व 9/25/27 Arms Act बनाम शातिर अभियुक्त 1-शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा पंजीकृत कर अन्य आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है |

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1- शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम फरेंदा सेंगर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |

बरामदगी का विवरण-

1- एक अवैध तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस |

2- एक अदद प्लेटिना मोटरसाईकिल (बिना नंबर प्लेट) |

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-03.05.2026 को थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कल्याणपुर करचौलिया समय माता मंदिर के पूर्व सड़क के किनारे फार्म के पास अज्ञात पुरुष के शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर नियमानुसार शव को कब्जा पुलिस में लेकर किये जा रहे शिनाख्त व अन्य आवश्यक कार्यवाही के क्रम में मृतक की पहचान होने पर मृतक की पत्नी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक-03.05.2026 को मु०अ०सं०-115/2026 धारा-103(1) BNS **बनाम 1-** शिवम गुप्ता पुत्र कपूरचन्द गुप्ता व **2-** कुछ अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया, जिसके अनावरण हेतु उच्चाधिकारीगण द्वारा थानाध्यक्ष कप्तानगंज की विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिनके द्वारा किये जा रहे विवेचनात्मक व अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के क्रम में त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत लगाए गए सी०सी०टी०वी० कैमरों, अन्य इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य, सी०डी०आर० अवलोकन व घटना से सम्बंधित अन्य साक्ष्यों के आधार पर संबंधित घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना को कारित करने वाले **संबंधित अभियुक्तों यथा क्रमशः 1-** शिवम गुप्ता पुत्र कपूरचन्द गुप्ता, **2-** ऋषभ मिश्रा उर्फ राज मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद मिश्रा को दिनांक-05.05.2026 को थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत फरेंदा सेंगर बगीचे के पास से गिरफ्तार कर एक अदद टूटा हूआ आला कत्ल चाकू घटना में प्रयुक्त), एक अदद पिकअप (घटना में प्रयुक्त), खून अलूदा तौलिया व अभियुक्तों के संभावित मानव रक्त लगे कपड़े एवं एक अदद पल्सर मोटरसाईकिल बरामद

कर गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मु०अ०सं०-115/2026 धारा-103(1) BNS में धारा 3(5)/238 BNS व 4/25 Arms Act की वृद्धि कर अन्य आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्यवाही के क्रम में **वांछित चल रहे रुपये 25,000/- के इनामिया शातिर अभियुक्त 1-** शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष को दिनांक-09.05.2026 को गढ़हा गौतम के पास हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस व मोटर साइकिल को बरामद कर गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मु०अ०सं०-118/2026 धारा-109(1) BNS व 9/25/27 Arms Act पंजीकृत कर अन्य आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक कुमार श्रीवास्तव जनपद बस्ती |

2- प्रभारी चौकी महाराजगंज अनिल त्रिपाठी थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |

3- उ०नि० विवेकानंद तिवारी, उ०नि० रविन्द्र यादव थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |

4- हे०कां० प्रदीप सिंह, हे०कां० गणेश, कां० सत्येंद्र कुमार, कां० पंकज सिंह, कां० कुंदन मौर्य, कां० अमरजीत कन्नौजिया थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |